भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1033**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

# राष्ट्रमंडल खेल

**1033. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, कुश्ती, टेबल टेनिस, स्क्वैश, रिदमिक जिमनास्टिक, गोताखोरी, निशानेबाजी और बीच वॉलीबॉल के बिना अगले राष्ट्रमंडल खेल आयोजित किए जाने वाले हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उपर्युक्त निर्णय का भारतीय एथलीटों पर क्या प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या भारत ने स्कॉटलैंड को उक्त खेलों को शामिल करने के लिए भी मनाने का प्रयास किया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) : राष्ट्रमंडल खेल परिसंघ (सीजीएफ) संगठन, राष्ट्रमंडल खेलों, राष्ट्रमंडल खेल मूवमेंट और अन्य संबंधित आयोजनों के निर्देशन और नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है। पहले, 2026 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया को करनी थी, लेकिन मेजबान ने विभिन्न कारणों, मुख्य रूप से धनराशि की कमी के कारण खेलों के आयोजन से नाम वापस ले लिया। इसके बाद, सीजीएफ ने 2026 के राष्ट्रमंडल खेलों के प्रतिस्थापित मेजबान के रूप में ग्लासगो, स्कॉटलैंड का चयन किया। इससे पिछले खेलों की तुलना में बजट, समय सीमा और खेल कार्यक्रम में काफी कमी आई है। इन खेलों के लिए केवल 10 खेलों अर्थात् तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिम्नास्टिक, साइक्लिंग ट्रैक और पैरा साइक्लिंग ट्रैक, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बॉल्स और पैरा बॉल्स, 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल का चयन किया गया है। चयन का आधार निकटतम उपलब्ध चार स्थल, उपलब्ध बजट और एथलीटों की कुल संख्या (अधिकतम 3000) का उचित प्रबंधन है।

सरकार ने बैडमिंटन, क्रिकेट, हॉकी, शूटिंग, स्क्वैश, टेबल टेनिस और कुश्ती जैसे 9 प्रमुख खेलों को शामिल नहीं किए जाने के बारे में सीजीएफ अध्यक्ष को पत्र लिखा है। सीजीएफ अध्यक्ष ने अन्य बातों के साथ-साथ यह भी कहा है कि 2026 के खेलों के लिए केवल 10 खेल विधाओं का होना एक अस्थायी स्थिति है और किसी भी खेल को शामिल न करना भविष्य में उन खेलों को शामिल न किए जाने के लिए कोई मिसाल नहीं है।

****